>

Title: Issue regarding land acquisition in Sant Kabir Nagar District in Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, मेरा लैंड एक्युजिशन का बहुत इम्पार्टेंट मैटर है, आप लोग इसके लिए बिल भी ला रहे हैं। हमारे यहां संत कबीर नगर जनपद, उत्तर प्रदेश में एक बखीरा झील है, जिसमें एक पंछी विहार बना है। उसमें बीस साल पहले किसानों की दो हजार हैक्टेअर से अधिक जमीन सरकार ने अधिग्रहित कर ली और आज तक किसानों को उसका एक पैसा नही मिला। वहां भूमि अधिग्रहित करने के बाद पंछी विहार बन गया। वहां के किसान अपनी जमीनों का आज भी लगान देते हैं और अगर वे अपनी जमीन पर जाते हैं तो उनके विरुद्ध मुकदमा दायर हो जाता है। इस बात को करीब 22 साल हो गये, लेकिन इतने सालों से आज तक उन्हें उनकी जमीन का एक पैसा भी नहीं मिला है।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि जो किसान आज भी लगान दे रहे हैं, उन किसानों की उनकी जमीनों का उचित मूल्य भुगतान किया जाए। क्योंकि बखीरा झील के आसपास के बहुत से किसान भूमिहीन हो गये हैं। उनके पास रोजी-रोटी की कोई व्यवस्था नहीं है। जब वे लोग अपनी जमीन पर पहुंचते हैं तो उनके विरुद्ध सरकार के द्वारा मुकदमा दर्ज किया जाता है और वह झील, जो पंछी विहार के नाम से घोषित हो गई है, इतने सालों से उस झील का कोई विकास नहीं हुआ है। उसके किनारे केवल जंगली जानवर रहते हैं, जो किसानो की फसलों को नष्ट करते हैं और केवल एक कागज में वह पंछी विहार घोषित है। हमारा निवेदन है कि इस पर सरकार का विशेष ध्यान होना चाहिए, ताकि वहां के किसानों को उनकी जमीनों का उचित मुआवजा मिले और उस बLाळरा झील को पंछी विहार के रूप में विकसित करने के लिए हम विशेष रूप से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहेंगे।